माध्यमिक अंग्रेज़ी

अंग्रेजी व्याकरण का प्रयोग

भारत में विद्यालय आधारित समर्थन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

www.TESS-India.edu.in

http://creativecommons.org/licenses/

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के छात्र–केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को स्कूल की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने छात्रों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* । मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण 2.0 SE10v2
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है.
http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

मेरे छात्र–छात्रा व्याकरण के नियमों को याद करने में बहुत सारा समय व्यतीत करते हैं, और उनमें से अधिकांश छात्र–छात्रा नियमों का वर्णन कर सकते हैं। लेकिन उनमें से कई छात्र–छात्रा अब भी व्याकरण के अभ्यासों को सही तरह से नहीं कर पाते हैं और वे जब बोलते या लिखते हैं तब सही व्याकरण का उपयोग नहीं करते हैं। अंग्रेजी व्याकरण को सही ढंग से सीखने और उसका उपयोग करने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए मैं क्या कर सकती हूँ?

आपके छात्र–छात्रा व्याकरण के नियमों का वर्णन करने में समर्थ हो सकते हैं, लेकिन इसका यह मतलब होना आवश्यक नहीं है कि वे पाठ्यपुस्तकों या परीक्षाओं में व्याकरण के अभ्यासों को पूरा करने में सक्षम हैं। व्याकरण के नियमों का पता होने का मतलब हमेशा यह नहीं होता कि बोलते या लिखते समय छात्र–छात्रा भाषा का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकते हैं। नियमों को याद करना भाषा को सीखते समय मददगार हो सकता है, लेकिन अंग्रेजी व्याकरण को समझने और अपने लेखन और बोलचाल में उसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए आप अन्य तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

इन तकनीकों में शामिल हैं:

- छात्र–छात्राओं को ऐसी गतिविधियाँ देना जो उन्हें यह देखने में मदद करती हैं कि उनकी पाठ्यपुस्तकों के गद्यांशों में या अन्य पाठों में व्याकरण का उपयोग कैसे किया जाता है।
- उदाहरणों को देखकर व्याकरण के नियमों का अनुमान करने में छात्र–छात्राओं की मदद करना।

इन तकनीकों का उद्देश्य छात्र–छात्राओं से ऐसी गतिविधियाँ करवाना है जो उन्हें लेखन और बोलचाल के माध्यम से अंग्रेजी व्याकरण के प्रतिमानों को देखने और व्याकरण का अभ्यास करने का अवसर देती हैं। इसको करने से आपके छात्र–छात्राओं की अंग्रेजी में संवाद करने की क्षमता में वृद्धि होगी (ली और वैनपैटन, 2003)।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- संवाद करने के लिए व्याकरण का उपयोग करने में छात्र–छात्राओं की मदद कैसे करें।
- अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने के लिए पाठ्यपुस्तक और अन्य संसाधनों का उपयोग कैसे करें।
- अंग्रेजी भाषा के उपयोग के प्रतिमानों को देखने और व्याकरण के नियमों का अनुमान करने में छात्र–छात्राओं की मदद कैसे करें।

यह दृष्टिकोण क्यों महत्वपूर्ण है

व्याकरण भाषा का एक अनिवार्य अंग होती है। यदि आप अपने छात्र–छात्राओं की अंग्रेजी व्याकरण के ज्ञान और उपयोग को सुधारने में मदद कर सकते हैं, तो उनका स्तर चाहे जो भी हो, आप उनकी न केवल विद्यालय के अध्ययनों और परीक्षाओं में मदद करेंगे, बल्कि आप उनकी लिखित और बोलचाल की अंग्रेजी को भी बेहतर समझने में मदद करेंगे। वास्तविक जीवन में, आम तौर पर छात्र–छात्रा अपने विचारों और अनुभूतियों को व्यक्त करने में मदद के लिए व्याकरण की किताब लेकर नहीं घूमते हैं। इसलिए व्याकरण पढ़ाने में शामिल होता है छात्र–छात्राओं को अपने दैनिक जीवन में व्याकरण का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए तैयार करना।

1 व्याकरण पढ़ाने के विभिन्न तरीके

एक कक्षा में शिक्षक ने हमें reported speech पढ़ाई। शिक्षक ने बोर्ड पर नियम लिखे और हमसे उन्हें अपनी नोटबुकों में उतारने को कहा। हमें होमवर्क में नियमों को सीखने के लिए कहा गया। अगली कक्षा में, शिक्षक ने मुझसे खड़े होने और नियम बोलने के लिए कहा। मैं उन्हें याद नहीं कर सकी, और मुझे शर्मिंदगी महसूस हुई। मैंने उन्हें सीखने का प्रयास किया लेकिन वे मुझे याद नहीं हो रहे थे। उसके बाद, हमने reported speech पर व्याकरण के कुछ अभ्यासों में एक परीक्षा दी। मुझे नियम याद नहीं आए और मुझे निम्न ग्रेड प्राप्त हुआ। मेरी सहेली को नियम याद थे लेकिन उसे भी बहुत अच्छा ग्रेड नहीं मिला – उसने कहा कि जब वह अभ्यास कर रही ती तब नियम किसी काम के नहीं थे।

ज़रा सोचिए

यदि हो सके, तो अपने किसी सहकर्मी के साथ निम्नलिखित प्रश्नों पर चर्चा करें।

- क्या आपकी कक्षाओं में छात्र–छात्राओं को व्याकरण के नियमों को याद रखने में कठिनाई होती है?
- क्या आपके पास ऐसे छात्र–छात्रा हैं जो नियम तो याद रखते हैं लेकिन फिर भी केवल निम्न ग्रेड प्राप्त करते हैं?

कुछ छात्र–छात्रा व्याकरण के नियमों को सीखने के लिए समय का उपयोग या प्रयास नहीं करते हैं, लेकिन अन्य छात्र–छात्रा उपरोक्त छात्र–छात्रा के जैसे होंगे: वे नियमों को सीखने का प्रयास करते हैं लेकिन उन्हें याद रखने में कठिनाई महसूस करते हैं। यदि वे उन्हें याद कर भी लें तब भी उन्हें नियमों को सोचने और लागू करने के लिए समय की जरूरत होती है।

भाषा को अकेले नियमों के माध्यम से ही नहीं सीखा जा सकता। भाषा सीखने वालों को भाषा का उपयोग उसे धाराप्रवाह बोलने के लिए, न कि केवल उसके बारे में सीखने के लिए करना चाहिए। उन्हें भाषा को कैसे उपयोग किया जाता है यह समझने के लिए, उसका उपयोग करने के ढेर सारे उदाहरणों को देखना और सुनना चाहिए।

अब कक्षा 10 के एक छात्र के अनुभवों के बारे में पढ़ें।

मुझे अंग्रेजी व्याकरण में अच्छे ग्रेड मिलते हैं – मेरी पिछली परीक्षा में मुझे 93 प्रतिशत मिले। लेकिन मुझे अंग्रेजी में बोलने में अब भी कठिनाई होती है। एक आगंतुक विदेश से हमारे विद्यालय में आई और उन्होंने हमसे अंग्रेजी में कुछ प्रश्न पूछे। मैं उन्हें बहुत अच्छे ढंग से समझ नहीं पाया। उन्होंने जो कुछ कहा शिक्षक ने उसका अनुवाद किया, लेकिन मैं प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में नहीं दे सका। मैं पर्याप्त शीघ्रता से भाषा सोचने में असमर्थ रहा।

ज़रा सोचिए

हो सके तो अपने किसी सहकर्मी के साथ इन प्रश्नों पर चर्चा करें:

- क्या आपकी कक्षाओं में इस तरह के छात्र–छात्रा हैं?
- आप क्यों सोचते हैं कि उन्हें अंग्रेजी बोलने में समस्याएँ हैं, हालांकि उन्हें व्याकरण के लिए अच्छे ग्रेड मिलते हैं?

कुछ छात्र–छात्रा व्याकरण के लिखित अभ्यासों को बहुत अच्छी तरह से करने में सक्षम हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब हमेशा ही यह नहीं होता कि वे जब अंग्रेजी लिख रहे या बोल रहे होते हैं तब उसका उपयोग अच्छी तरह से करने में समर्थ हैं।

व्याकरण का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए, छात्र–छात्राओं को उसे बोलने और लिखने की विभिन्न प्रकार की स्थितियों में अभ्यास करने की जरूरत होती है – केवल व्याकरण के अभ्यास या परीक्षाएं ही नहीं।

गतिविधि 1: अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने के तरीके

अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने का कोई 'सही' तरीका नहीं है। तथापि, यदि आप अपने व्याकरण पढ़ाने के तरीके में परिवर्तन करते हैं, तो आप परीक्षाओं और वास्तविक जीवन की स्थितियों में उसे समझने और उसका उपयोग करने में अधिक छात्र–छात्राओं की मदद करेंगे। उदाहरणों का उपयोग और छात्र–छात्राओं से व्याकरण के नियमों का अनुमान करवाने से उन्हें नियमों को सफलतापूर्वक सीखने और उनका उपयोग करने में मदद मिल सकती है। यह देखना कि भाषा उस सन्दर्भ में कैसे काम करती है व्याकरण के किसी नियम को केवल याद करने से बेहतर है।

यहाँ पर व्याकरण के एक बिंदु को पढ़ाने के तीन अलग-अलग तरीके प्रस्तुत हैं। यहाँ दिए गए उदाहरण reported speech के बारे में हैं, जिसे माध्यमिक अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकों में आम तौर पर पढ़ाया जाता है, लेकिन आप व्याकरण के किसी भी बिंदु का उपयोग कर सकते हैं:

- यह तरीका अधिकतर व्याकरण के नियम पर संकेंद्रित है। श्रीमती अपराजीता बोर्ड पर व्याकरण बिंदु लिखती हैं 'Reported Speech' और उन्हें निम्नलिखित नियम देती हैं:

  > 'If the verb in the original sentence is in the present tense in direct speech, it shifts to past tense in reported speech.'

  उसके बाद, वे छात्र–छात्राओं से पाठ्यपुस्तकों में reported speech पर दिए गए अभ्यास वैयक्तिक रूप से करने को कहती हैं। फिर वे उनसे होमवर्क में उस नियम को याद करने के लिए कहती हैं।

- यह तरीका अधिक अंतःक्रियात्मक (Interactive) है, क्योंकि शिक्षक/शिक्षिका, छात्र–छात्राओं से उदाहरण देने को कहते हैं। श्री कपूर बोर्ड पर व्याकरण बिंदु लिखते हैं 'Reported Speech' और नियम को स्पष्ट करते हैं (ऊपर की तरह)। समझाते समय, वे direct speech को indirect speech में बदलने के कुछ उदाहरण लिखते हैं, जैसा कि तालिका 1 में दर्शाया गया है।

  तालिका 1: *direct और reported speech के उदाहरण।*

	परिचय	direct speech	reported speech
उदाहरण	Kamal said:	'I want a samosa.'	Kamal said that he wanted a samosa.
काल	Simple past	Simple present	Simple past

  फिर वे छात्र–छात्राओं को समूहों में संगठित करते हैं और उनसे direct speech में कुछ वाक्य लिखने को कहते हैं। वे समूहों से अपने वाक्यों की अदला-बदली करने और उन्हें direct speech से indirect speech में बदलने को कहते हैं।

- इस तरीके में, शिक्षक/शिक्षिका, छात्र–छात्राओं से उदाहरणों के माध्यम से यह अनुमान लगाने का प्रयास करवाते हैं कि नियम क्या है। श्रीमती अगरवाल बोर्ड पर indirect speech का उपयोग करते हुए एक वाक्य लिखती हैं:

  'Sachin Tendulkar said that he had never tried to compare himself to anyone else.'

  वे सचिन के मूल वाक्य को बोर्ड पर लिखती हैं:

  'I have never tried to compare myself to anyone else.'

  फिर वे छात्र–छात्राओं से वाक्यों के बीच अंतर बताने को कहती हैं। वे यह काम कुछ और उदाहरणों के साथ करती हैं, और छात्र–छात्राओं से पूछती हैं कि क्या वे बता सकते हैं कि reported speech बदलने के क्या नियम हैं। छात्र–छात्राओं द्वारा अपने विचार बता चुकने के बाद, शिक्षक नियम समझाती हैं, और अपने छात्र–छात्राओं से कुछ अन्य वाक्यों का अभ्यास करने को कहती हैं।

अगले कुछ अध्यायों के दौरान, इनमें से प्रत्येक तरीके को अपनी कक्षाओं में आजमाएं। प्रत्येक अध्याय के बाद, सोचें कि आपके छात्र–छात्राओं ने प्रत्येक तरीके से क्या सीखा: किन छात्र–छात्राओं ने व्याकरण बिंदु को सीख लिया है और किन छात्र–छात्राओं को व्याकरण बिंदु के साथ आश्वस्त होने के लिए अधिक मदद की जरूरत है? आप इन छात्र–छात्राओं की मदद कैसे करेंगे? क्या वे एक दूसरे की मदद कर सकते हैं?

फिर अपने अनुभवों की तुलना संसाधन 1 से करें, जो ऊपर सूचीबद्ध प्रत्येक तरीके के लाभों और चुनौतियों का वर्णन करता है।

केस स्टडी 1: श्री संजय का अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने का अलग तरीका

श्री संजय एक सरकारी स्कूल में कक्षा 9 को अंग्रेजी पढ़ाते हैं। उन्होंने अपने छात्र–छात्राओं को reported speech समझाई, और बोर्ड पर नियम और कुछ उदाहरण लिखे। उनके अधिकांश छात्र–छात्रा नियमों और उदाहरणों को बोलकर सुना सकते थे लेकिन तब भी उन्हें अपनी परीक्षा में बहुत अच्छे ग्रेड नहीं मिले।

मैंने सोचा reported speech को बेहतर ढंग से समझने में मैं अपने छात्र–छात्राओं की कैसे मदद कर सकता हूँ। मैं समझ रहा था कि नियमों को याद करने से व्याकरण बिंदु को समझने में सहायता नहीं मिल रही है, और इससे उन्हें उसका उपयोग करने में मदद नहीं मिल रही है। उन्हें संरचना के अधिक उदाहरण देखने की जरूरत थी, और reported speech का उपयोग करने के लिए उन्हें अधिक अभ्यास चाहिए था। मैंने विविध प्रकार के कालों सहित, direct speech के कुछ उदाहरण बोर्ड पर लिखे। उसे अधिक रोचक और छात्र–छात्राओं के जीवन से अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए, मैंने एक प्रसिद्ध व्यक्ति के बारे में कुछ वाक्य तैयार किए और उन्हें बोर्ड पर direct speech में लिखा।

- 'I live in Mumbai with my wife and children.'
- 'My mother always believed I would be an actor.'
- 'I've just won an award.'
- 'I'm going to star in a new film next month.'

बोर्ड की दूसरी ओर, मैंने 'Shah Rukh Khan said:' लिखा।

मैंने कक्षा से पूछा 'What would these sentences be in reported speech?' मैंने नहीं सोचा था कि उन्हें पता होगा, लेकिन एक छात्रा ने अपना हाथ उठाया और उसने मुझे पहले वाक्य के लिए उत्तर दिया:



मैंने उसकी प्रशंसा की, और वाक्य को बोर्ड पर लिखा। मैंने उससे पूछा: 'How did you know the correct answer?' उसने कहा कि उसे पक्के तौर पर पता नहीं है। मैंने अन्य वाक्यों के बारे में पूछा, और कभी-कभी छात्र–छात्राओं को पता होता था कि उन्हें reported speech में कैसे रखना है और कभी-कभी नहीं। जब हम गतिविधि कर रहे थे, तब मैंने indirect speech बनाने के तरीकों के नियम समझाए।

नियमों को समझा देने और छात्र–छात्राओं द्वारा कई उदाहरण देख लेने के बाद, मैंने सोचा कि छात्र–छात्राओं को अधिक अभ्यास की जरूरत पड़ेगी। सबकुछ होने के बाद भी, केवल कुछ ही छात्र–छात्राओं ने अब तक भाग लिया था। इसलिए मैंने अपने छात्र–छात्राओं को जोड़ियों में संगठित किया, और उनसे direct speech में कुछ वाक्य लिखने को कहा। मैंने उनसे कहा कि उन्हें कल्पना करनी चाहिए कि वाक्यों को एक प्रसिद्ध व्यक्ति द्वारा बोला गया था। मैंने कक्षा से कुछ उदाहरण देने को कहा:

मैंने direct speech में कुछ वाक्य लिखने के लिए कक्षा को पाँच मिनट दिए। जब वे लिख रहे थे तब मैंने कक्षा में चहलकदमी की और कुछ जोड़ियों की जाँच की। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए जाँच करता गया कि सभी छात्र–छात्रा लिखने में व्यस्त रहें! पाँच मिनट बाद, मैंने छात्र–छात्राओं से रुकने और अपने वाक्यों की उनके बगल की जोड़ी के साथ अदला-बदली करने को कहा। एक जोड़ी को दूसरी जोड़ी के वाक्य मिल जाने के बाद, मैंने वाक्यों – जो direct speech में थे – को indirect speech में बदलने को कहा। फिर, मैंने वाक्यों को indirect speech में बदलने के लिए कक्षा को दस मिनट की समय सीमा दी।

इन गतिविधियों को करने में अधिक समय बिताने में सक्षम होना अच्छा होता, लेकिन मेरे पास कक्षा में करने के लिए पहले से इतना कुछ था – कि मैं इस पर बहुत अधिक समय व्यतीत नहीं कर सकता था। जो भी हो, समय सीमा देने से सुनिश्चित होता है कि छात्र–छात्रा केंद्रित रहते हैं ।

जब कक्षा काम में व्यस्त थी, तब मैंने फिर से चहलकदमी की और जितना संभव हो सका उतने वाक्यों की जाँच करने का प्रयास किया। मैं देख सकता था कि कुछ छात्र–छात्राओं को कठिनाई हो रही है, इसलिए मैंने उन जोड़ियों को दिखाया कि वाक्य कैसे बनाए जाते हैं। बेशक, हर जोड़ी की जाँच करना और मदद करना असंभव था लेकिन कम से कम उन सभी को व्याकरण बिंदु के बारे में सोचने का एक मौका तो मिला था। और मुझे यह बात पता चली कि छात्र–छात्राओं को सोचने और व्याकरण संरचनाओं का उपयोग करने के लिए कुछ समय की जरूरत होती है। जब दस मिनट खत्म हो गए, तो मैंने कुछ छात्र–छात्राओं से कुछ उदाहरण देने को कहा, जिससे मुझे देखने का मौका मिला कि उन्होंने समझ लिया है, और इससे कक्षा को नियमों पर दोबारा चर्चा करने का अवसर मिला।

2 अंग्रेजी व्याकरण का अभ्यास करने के लिए पाठ्यपुस्तक का उपयोग करना

व्याकरण भाषा का कोई अलग हिस्सा नहीं होती है। यह समझने में छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए कि अंग्रेजी की संरचना कैसे की जाती है और यह पढ़ाने के लिए कि भाषा का उपयोग वास्तव में कैसे किया जाता है, आप अपनी पाठ्यपुस्तक के अध्यायों का उपयोग कर सकते हैं।

ज़रा सोचिए

NCERT Class X textbook, *First Flight* से एक अध्याय का यह उद्धरण पढ़ें। जब आप पढ़ रहे हों, तब निम्नलिखित प्रश्नों के बारे में सोचें:

- गद्यांश में किस प्रकार की व्याकरणात्मक संरचनाओं का उपयोग नियमित रूप से किया गया है?
- अंग्रेजी व्याकरण के साथ छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए आप इस गद्यांश का उपयोग कैसे कर सकते हैं?

> Early in the New Year of 1956 I travelled to Southern Iraq. By then it had crossed my mind that I should like to keep an otter instead of a dog, and that Camusfeàrna, ringed by water a stone's throw from its door, would be an eminently suitable spot for this experiment.
>
> When I casually mentioned this to a friend, he casually replied that I had better get one in the Tigris marshes, for there they were as common as mosquitoes, and were often tamed by the Arabs. We were going to Basra to the Consulate-General to collect and answer our mail from Europe. At the Consulate-General we found that my friend's mail had arrived but that mine had not.
>
> I cabled to England, and when, three days later, nothing had happened, I tried to telephone. The call had to be booked twenty-four hours in advance. On the first day the line was out of order; on the second the exchange was closed for a religious holiday. On the third day there was another breakdown. My friend left, and I arranged to meet him in a week's time. Five days later, my mail arrived. I carried it to my bedroom to read, and there, squatting on the floor, were two Arabs; beside them lay a sack that squirmed from time to time. They handed me a note from my friend: 'Here is your otter…'

इस उद्धरण में अनेक व्याकरण बिंदुओं के उदाहरण हैं। यहाँ कुछ उदाहरण प्रस्तुत हैं, लेकिन आप सूची में अन्य उदाहरण जोड़ सकते हैं:

- भूत काल ('travelled', 'had crossed my mind')
- reported speech ('he casually replied that I had better')
- passive voice ('were often tamed').

इस तरह के गद्यांश इस बात के उदाहरण प्रदान करते हैं कि व्याकरण का उपयोग कैसे किया जाता है, और आप इनकी ओर अपने छात्र–छात्राओं का ध्यान आकर्षित कर सकते हैं। आप अपने छात्र–छात्राओं से उद्धरण को पढ़ने और कतिपय व्याकरण कार्य के उदाहरणों की तलाश – या उन्हें रेखांकित करने – को कह सकते हैं। उदाहरण के लिए, वे simple past tense के

सभी उदाहरणों को रेखांकित कर सकते हैं। यह छात्र–छात्राओं की उन व्याकरण बिंदुओं की समीक्षा करने में मदद करने का अच्छा तरीका है जो वे पहले से सीख चुके हैं, या जो उन्हें इस स्तर पर पता होना चाहिए।

केस स्टडी 2: सुश्री निर्मला वर्तमान कालों की समीक्षा कर रही हैं

सुश्री निर्मला हाल ही में एक ग्रामीण जिले के सरकारी विद्यालय में स्थानांतरित की गई हैं। इससे पहले वे राजधानी के शहर में पढ़ाती थीं।

जब मैंने कक्षा 9 के छात्र–छात्राओं को पढ़ाना शुरू किया तो मैं यह देखकर दंग रह गई कि छात्र–छात्रा अपने पाठों के दौरान कितने शाँत रहते थे: वे मेरे चुटकुलों पर नहीं हँसते थे, और न ही मेरे प्रश्नों का जवाब देते, या बोर्ड पर लिखी बातों का आनंद लेते थे। ऐसा लगता था कि उन्हें डर था कि मैं उनके बोलने और लिखने में व्याकरण संबंधी गलतियाँ करने के लिए उन्हें दंडित करूँगी। मैंने सोचा कि मुझे अपने छात्र–छात्राओं को कक्षा में सहज बनाना होगा और उनमें अंग्रेजी में बोलने व लिखने का आत्मविश्वास जगाना होगा।

मैंने यह दर्शाने के लिए अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक में किसी उपयुक्त अध्याय की तलाश की। इस अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक (CBSE's *Interact in English*) की इकाई 3, जिसका नाम 'Environment' था, में Indian rhinoceros का वर्णन था [देखें संसाधन 2]। मैंने सोचा कि simple present tense का उपयोग लोगों या चीजों का वर्णन करने के लिए कैसे किया जाता है यह दर्शाने का यह एक अच्छा तरीका होगा।

शुरू करने से पहले, मैंने कक्षा को पाँच के समूहों में बाँटा और उनसे निम्नलिखित बातें पूछीं:

> Students, can you please work together to write five sentences describing this classroom. One person is the scribe for the group. The rest of you tell them what to write.

दो समूह सरल अंग्रेजी में सटीक विवरण लिखने में सफल हुए, लेकिन अन्य में से अधिकांश ने ऐसे विवरण लिखे जो व्याकरण के अनुसार सही नहीं थे। कुछ लोगों ने वाक्यों को क्रिया के बिना लिखा। अन्य लोगों ने कालों के मिश्रण का उपयोग किया।

फिर मैंने छात्र–छात्राओं से अपने पाठों को अलग रखने को कहा और उन्हें बताया कि हम उन पर बाद में विचार करेंगे।

मैंने छात्र–छात्राओं से किताब को इकाई 3 पर खोलने और भारतीय गैंडे पर गद्यांश पढ़ने को कहा। जब वे पढ़ रहे थे, तब मैंने simple present tense में क्रियाओं के साथ वाक्य लिखे और छात्र–छात्राओं से उन्हें गद्यांश की जानकारी से पूरा करने को कहा:



जब उन्होंने वाक्य पूरे कर लिए, तो मैंने उनका ध्यान पाठ के उन भागों, जिनमें गैंडे की विशेषताओं का वर्णन किया गया था, और फिर इन वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं की ओर खींचा। मैंने स्पष्ट किया कि simple present tense का प्रयोग ऐसी किसी बात का वर्णन करने के लिए कैसे किया जाता है जो आम तौर पर सच होती है।

फिर मैंने उन्हें simple present ('It *lives*' और 'They *live*'; 'It *has*' और 'Rhinos *have*') के लिए विषय/क्रिया समझौता नियमों की याद दिलाई। उस बिंदु पर मुझे महसूस हुआ कि छात्र–छात्राओं ने देख लिया था कि गद्यांशों में simple present का उपयोग कैसे किया जाता है, और मैंने उन्हें उसे बनाने के नियमों की याद दिला दी थी। फिर मैं देखना चाहती थी कि क्या वे अपने स्वयं के लेखन को सही कर सकते हैं।

इसलिए मैंने अपने छात्र–छात्राओं से कक्षा के स्वयं अपने विवरणों की समीक्षा करने और यह देखने को कहा कि क्या वे उन्हें बेहतर बना सकते हैं। मुझे हर्ष हुआ कि छात्र अपने गद्यांशों का संपादन करने और फिर उन्हें कक्षा को पढ़कर सुनाने के लिए आतुर थे। इस बार, छात्र–छात्राओं ने अपने वाक्यों की संरचना कहीं अधिक सटीक रूप में किया था।

गतिविधि 2: व्याकरण पढ़ाने के लिए पाठ्यपुस्तक के पठनों का उपयोग करना

यह गतिविधि आपको अपने छात्र–छात्राओं के साथ करनी चाहिए।

केस स्टडी 2 में, शिक्षक ने यह देखने में छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए पाठ्यपुस्तक का उपयोग किया कि वर्तमान काल का उपयोग कैसे करते हैं और इसका उपयोग उनके लेखन में अधिक सटीक ढंग से कैसे किया जाता है। अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने और उसकी समीक्षा करने के लिए पाठ्यपुस्तक एक उपयोगी संसाधन है, खास तौर पर तब, जब आपके पास व्याकरण की कोई विशिष्ट पुस्तक नहीं है। अपनी कक्षा में इस तकनीक का उपयोग करने के लिए निम्न चरणों का अनुसरण करें:

- व्याकरण के ऐसे किसी क्षेत्र की पहचान करें जिसमें आपको लगता है कि आपके छात्र–छात्राओं को कठिनाइयाँ हो रही हैं (उदाहरण के लिए, भूत कालों – past tense – का उपयोग करना)।
- ऐसा कोई अध्याय चुनें जिसमें व्याकरण के इस बिंदु के कुछ उदाहरण हैं।
- छात्र–छात्राओं को जोड़ियों में संगठित करें और उनसे अध्याय को पढ़ते हुए व्याकरण के उस बिंदु के उदाहरणों को खोजने – या रेखांकित करने – को कहें। उनके शुरू करने से पहले संपूर्ण कक्षा के साथ एक उदाहरण करें ताकि हर व्यक्ति समझ ले कि उसे क्या करना है। एक समय सीमा दें, उदाहरण– तीन मिनट।
- दिये गये समय के बाद, छात्र–छात्राओं से आप उदाहरण देने को कहें, और उन्हें ब्लैकबोर्ड पर लिखें। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हर व्यक्ति सम्मिलित महसूस करता है, कक्षा के अलग-अलग भागों से छात्र–छात्राओं से पूछने का प्रयास करें।
- उदाहरण के लिए, छात्र–छात्राओं से यह स्पष्ट करने को कहें कि व्याकरण के उस बिंदु का उपयोग क्यों किया गया है। यदि छात्र–छात्रा नहीं समझा सकते हैं, तो अधिक प्रश्न पूछकर उनकी मदद करें। स्वयं स्पष्टीकरण देने का प्रयास न करें।
- प्रारूप या स्पेलिंग के बारे में प्रश्न पूछें।
- यह पता लगाने के लिए कि आपके छात्र–छात्राओं ने कितना समझा है, उन्हें त्रुटि में सुधार करने का कोई अभ्यास दें। अध्याय में से कुछ और वाक्य लें और उनमें कुछ गलतियाँ प्रविष्ट करते हुए उन्हें बोर्ड पर लिखें।

छात्र–छात्राओं से वाक्यों की नकल करने और गलतियों को जोड़ियों में सुधारने को कहें। उसके लिए उन्हें एक समय सीमा दें और फिर कक्षा के साथ सुधारों की समीक्षा करें।

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या आपके छात्र–छात्रा पाठ्यपुस्तक के अध्याय के उदाहरणों को पहचानने में सक्षम थे? यदि नहीं, तो आप उनकी मदद कैसे कर सकते हैं?
- इस अभ्यास ने आपके छात्र–छात्राओं के कौशल के बारे में आपको क्या बताया? किन छात्र–छात्राओं को गलतियाँ सुधारने में कठिनाई महसूस हुई? उनकी अपनी गलतियों को सुधारने में आप उनकी मदद कैसे कर सकते हैं?

उदाहरण खोजने में अपने छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए आप उनके तलाश करने से पहले व्याकरण के बिंदु की चर्चा कर सकते हैं, और उन्हें कुछ उदाहरण दे सकते हैं। आप उन्हें संकेत दे सकते हैं जैसे: 'There is an example in the third paragraph' इस प्रकार की गतिविधि में प्रयुक्त की जाने वाली भाषा के उदाहरणों के लिए, देखें संसाधन 3।

यदि आपके छात्र–छात्रा स्वयं अपनी गलतियों को पहचान नहीं पाते हैं, तो आप उन्हें चिह्नित कर सकते हैं ताकि छात्र–छात्रा जान सकें कि गलतियाँ कहाँ पर हैं। उन्हें यह न बताएं कि गलती क्या है – उन्हें केवल यह बताएँ कि वह किस वाक्य में है। या आप उनसे गलती के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं: उदाहरण के लिए, 'The person here is "my mother", तो आपको क्रिया "have" के किस रूप (form) की जरूरत है?'

इस तरह की गतिविधि करते समय, नोट करें कि कौन से छात्र भाषा को आसानी से समझ रहे हैं, और किन्हें ऐसा करना कठिन लग रहा है। कुछ छात्र अधिक सीखने को तैयार रह सकते हैं, जबकि अन्य लोगों को अधिक अभ्यास की जरूरत होती है। यदि आप देखते हैं कि आपकी कक्षा में कई छात्र–छात्राओं को अधिक अभ्यास चाहिए, तो आप इस तरह की व्याकरण गतिविधि हर रोज कर सकते हैं। यदि केवल एक या दो छात्र–छात्राओं को ही कठिनाई होती लगती है, तो आप उनके साथ व्यक्तिगत रूप से काम कर सकते हैं या उन्हें विशेष गृहकार्य दे सकते हैं ताकि वे समय के साथ सुधर सकें।

3 अंग्रेजी व्याकरण का अभ्यास करने के लिए अन्य संसाधनों का उपयोगकरना

आप व्याकरण की उन संरचनाओं के उदाहरण खोज सकते हैं जिनको अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकों में सीखने की छात्र–छात्राओं को जरूरत पड़ती है। आप उन्हें उन पाठों में भी खोज सकते हैं जो आप अपने दैनिक जीवन में देखते हैं, जैसे अखबार, पत्रिकाएं, विज्ञापन – यहाँ तक कि विवाह के निमंत्रण। व्याकरण के बिंदु को समझाने केलिए वास्तविक पाठों का उपयोग करने के कई लाभ हैं। वे:

- छात्र–छात्राओं की यह समझने में मदद करें कि व्याकरण याद करने के नियमों को याद करने से बढ़कर कोई चीज है
- उन्हें इस तरह की संरचनाओं का उपयोग बोली और लेखन में स्वयं करने के लिए तैयार करें
- उन्हें व्याकरण और अंग्रेजी को अपने जीवन में प्रासंगिक विषय के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करें।

(अपनी अंग्रेजी कक्षाओं में आपके लिए उपयोगी दैनिक पाठों के अधिक उदाहरणों के लिए, इकाई *अंग्रेजी पढ़ाने के लिए स्थानीय संसाधन*, और साथ ही संसाधन 4, 'स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना' देखें।)

वीडियो: स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना

केस स्टडी 3: श्रीमती सुनीता imperative की समीक्षा करने के लिए एक फूड रैपर का उपयोग करती हैं

श्रीमती सुनीता माध्यमिक विद्यालय में अंग्रेजी पढ़ाती हैं। उनके कई छात्र–छात्राओं को व्याकरण की उन संरचनाओं के साथ कठिनाई होती है जो वे समझती हैं कि उन्हें अब तक पता होने चाहिए। उदाहरण के लिए, उनके छात्र–छात्राओं को पाठ्यपुस्तक के एक अभ्यास में imperative का उपयोग करने में कठिनाई हुई थी। उन्होंने ऐसा कुछ आजमाने का निश्चय किया जिससे उन्हें उसे याद करने और उसका उपयोग करने में सहायता मिलेगी।

मैंने देखा कि Maggi noodles में ऐसी शीघ्र और सरल व्यंजन विधियाँ दी गई हैं जिन्हें किशोर व्यक्ति भी घर पर आजमा सकते हैं। मैंने अपने छात्र–छात्राओं को imperative पढ़ाने के लिए व्यंजन विधियों का उपयोग करने का निश्चय किया।

एक दिन मैंने अपने कक्षा 9 के छात्र–छात्राओं को कक्षा में खाली Masala Maggi रैपर लाने को कहा। Maggi बनाने के बारे में बोलने से पहले, मैंने इस बारे में एक वार्तालाप शुरू किया कि वे क्या पका सकते हैं, और क्या उन्हें चाय बनाना आता है। हमने पूरी कक्षा में चर्चा की और मैंने उनसे चाय बनाने के चरण मालूम किए, जिन्हें मैंने बोर्ड पर लिखा। उनमें 'We boil water', 'I put in sugar', 'I put in milk', 'I add one spoon of milk powder', इत्यादि जैसे वाक्य थे।

बहुत सारे ठहाकों के बीच, हमने इस बारे में बहस की कि क्या कप में शक्कर पहले डाली जाय, या चाय की पत्तियों को सीधे पानी में डाला जाय, और अंत में मैंने चरणों को बोर्ड पर लिखा, और निश्चित किया कि imperative वाक्यों का उपयोग किया जाय। ('Pour a cup of water in a kettle and boil …', 'Add a spoonful of sugar …')। मेरे छात्र–छात्राओं के आवश्यक रूप से इसके बारे में जाने बिना, मैं imperative और उसकी संरचना के उपयोग की समीक्षा कर रही थी। मैंने स्पष्ट किया कि हर वाक्य का पहला शब्द एक क्रिया था, और वाक्य निर्देश दे रहा था।

संरचना का उपयोग करने को तैयार होने पर, मैंने छात्र–छात्राओं को समूहों में बाँटा और उनसे उन Maggi रैपरों पर दी गई व्यंजन विधियों को देखने को कहा जो वे घर से लाए थे। उनका काम था सभी व्यंजन विधियों पर चर्चा करना, और imperative का उपयोग करके, उन सब में दी गई युक्तियों का उपयोग करते हुए एक नई और दिलचस्प व्यंजन विधि बनाना।



चित्र 1: मैगी के रैपरों पर दी गई व्यंजन विधियों पर चर्चा करते हुए छात्र–छात्रा ।

जब छात्र–छात्रा काम कर रहे थे तब मैं समूहों के इर्दगिर्द घूम रही थी और जहाँ आवश्यक हुआ वहाँ मैंने मदद की। पंद्रह मिनट बाद, मैंने प्रतिक्रिया लेनी शुरू की। मैंने एक समूह के छात्र–छात्रा से अपनी व्यंजन विधि पढ़ कर सुनाने को कहा, जिसे मैंने बोर्ड पर लिखा। फिर हमने मिलकर व्यंजन विधि पर चर्चा की, और आवश्यकतानुसार विवरण जोड़ने या बदलने

का प्रयोस किया। हमने imperative के साथ होने वाली गलतियों को भी सुधारा।

गतिविधि 3: अंग्रेजी व्याकरण का अभ्यास करने के लिए अन्य संसाधनों का उपयोग करना

यह गतिविधि आपको अपने छात्र–छात्राओं के साथ करनी चाहिए।

यहाँ वास्तविक जीवन की दैनिक वस्तुएँ और पाठ प्रस्तुत हैं जिनमें अंग्रेजी पाठ होते हैं। व्याकरण पढ़ाने के लिए आप उनका उपयोग कैसे कर सकते हैं इस पर विचार करें:

- एक खाली फूड रैपर (चित्र 2)।

चित्र 2: एक मैगी फूड रैपर।

- अखबार की सुर्खियाँ:
  - 'विश्व कप: प्रतिरक्षक चैम्पियन स्पेन नीदरलैंड द्वारा 5–0 से पछाड़ा गया'
  - 'गोवा विमानस्थल पर सोने की 6 छड़ों के साथ आदमी गिरफ्तार'
- वैवाहिक निमंत्रण (चित्र 3)।

चित्र 3: दो वैवाहिक निमंत्रण।

व्याकरण पढ़ाने के लिए इन वस्तुओं का उपयोग आप कई तरीकों से कर सकते हैं। यहाँ कुछ सुझाव दिए गए हैं, हालांकि आपके पास और विचार हो सकते हैं जिन्हें आप अपने सहकर्मियों के साथ साझा कर सकते हैं:

- खाद्य सामग्री के पैकेटों पर कभी-कभी व्यंजन विधियाँ दी जाती हैं। आप इन व्यंजन विधियों का उपयोग निर्देशों की भाषा, उदाहरण के लिए imperative ('कुछ तेल गरम करें...') पढ़ाने या उसकी समीक्षा करने के लिए कर सकते हैं। छात्र–छात्रा imperative का उपयोग करते हुए व्यंजन विधियाँ लिख सकते हैं। पैकेट इस बात पर कि मैगी नूडल्स कैसे बनाए जाते हैं, या मैगी नूडल्स को पकाने के सर्वोत्तम तरीके (पनीर, अंडे, तुना (समुद्री मछली), आदि) पर छात्र–छात्राओं की राय के बारे में चर्चा का विषय बन सकते हैं।
- सुर्खियाँ passive voice का उपयोग करती हैं। पूरे वाक्य होंगे 'प्रतिरक्षक चैम्पियन स्पेन को नीदरलैंड ने 5–0 से हराया' और 'एक आदमी को गोवा विमानस्थल पर सोने की छह छड़ों के साथ पकड़ा गया है/पकड़ा गया'। छात्र–छात्रा passive voice का उपयोग करके स्थानीय घटनाओं के बारे में सुर्खियाँ लिख सकते हैं, या उन्हें active voice में स्थानांतरित कर सकते हैं।
- चित्र 3 में दिए गए निमंत्रण passive और active voice को हाइलाइट करते हैं। आप उनका उपयोग क्रिया विशेषणों ('cordially') या पूर्वसर्गों ('on Sunday'; 'at Hotel Park Continental') की समीक्षा करने के लिए भी कर सकते हैं।

अपनी कक्षाओं को अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने और उसकी समीक्षा करने के लिए आप कौन सी वस्तुएं एकत्र कर सकते हैं? आप अपने इर्दगिर्द नज़र आने वाले अंग्रेजी के किसी भी उदाहरण की तस्वीरें भी ले सकते हैं। इस विषय पर अधिक जानने के लिए, देखें संसाधन 5, 'सीखने की योजना बनाना'।

खाद्य पदार्थों के पैकेटों, विज्ञापनों, अखबारों या पत्रिकाओं से इन विचारों और संसाधनों में से एक का उपयोग करते हुए व्याकरण के किसी बिंदु को पढ़ाने और उसकी समीक्षा करने की योजना बनाएं।

वीडियो: सीखने की योजना बनाना

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या आप सोचते हैं कि इस गतिविधि ने आपके छात्र–छात्राओं के व्याकरण बिंदु को याद रखने, और उसका उपयोग अधिक सटीक ढंग से करने में मदद की?
- यदि हाँ, तो क्यों? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त संसाधनों का उपयोग छात्र–छात्राओं के लिए नई बात हो सकता है। मैगी नूडल्स पैकेट जैसे संसाधन का उपयोग छात्र–छात्राओं की यह देखने में मदद कर सकता है कि उनके इर्दगिर्द अंग्रेजी का उपयोग कैसे किया जाता है और वे इस भाषा का उपयोग स्वयं अपने उद्देश्यों के लिए कैसे कर सकते हैं।

4 सारांश

इस इकाई में आपने उन शिक्षण तकनीकों का अन्वेषण किया जो आपके छात्र–छात्राओं के व्याकरण के नियमों को याद करने से हटकर यह देखने की ओर जाने में मदद करते हैं कि उनकी बोली और लेखन में भाषा का सही ढंग से उपयोग करने के लिए व्याकरण का उपयोग कैसे किया जाता है। इन तकनीकों में शामिल है आपके छात्र–छात्राओं को वे तकनीकें देना जो उन्हें यह देखने में मदद करती हैं कि उनकी पाठ्यपुस्तकों या अन्य पाठों में गद्यांशों में व्याकरण का उपयोग कैसे किया जाता है, और उदाहरणों को देखकर व्याकरण के नियमों का अनुमान लगाने में छात्र–छात्राओं की मदद करना। ये तकनीकें संवाद के लिए अंग्रेजी के उपयोग को सीखने में आपके छात्र–छात्राओं की सहायता करने में आपकी मदद करेंगी और उनका उपयोग आपके छात्र–छात्राओं के साथ नियमित रूप से किया जा सकता है।

यदि आप अपने व्याकरण का अभ्यास करना और उसे सुधारना चाहते हैं, तो संसाधन 3 देखें। यदि आप व्याकरण को अपने अध्यायों में शामिल करने तथा छात्र–छात्राओं से नियमों का अन्वेषण करवाने के बारे में अधिक पढ़ना चाहते हैं, तो अतिरिक्त संसाधन देखें।

संसाधन

संसाधन 1: अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने के अन्य तरीके

तालिका R1.1 *अंग्रेजी व्याकरण पढ़ाने के अन्य तरीके।*

शिक्षक	लाभ	समस्याएं
A	यह तेज है। छात्र–छात्रा प्रश्नावली के साथ अभ्यास करते हैं निचले स्तरों पर प्रभावी हो सकती है	नियमों को याद करने की कुछ समस्याएं हैं: कुछ छात्र–छात्रा याद नहीं रख सकते; और नियमों को लागू करना कठिन हो सकता है छात्र–छात्राओं को बहुत सारा अभ्यास नहीं मिलता (एक अभ्यास); उन छात्र–छात्राओं का क्या होगा जो नहीं समझ पाते हैं?
B	छात्र–छात्रा व्याकरण के बिंदु के अधिक उदाहरण देखते हैं, और शिक्षक A के तरीके से अधिक अभ्यास करते हैं समूहों में, छात्र–छात्रा एक दूसरे की मदद कर सकते हैं (विशेष रूप से यदि किसी को स्पष्टीकरण समझ में नहीं आया हो तो) जब छात्र–छात्रा स्वयं अपने वाक्य लिखते हैं, तब वे अधिक याद रखते हैं	इसमें शिक्षक A के तरीके से अधिक समय लगता है छात्र–छात्रा गलत वाक्य लिख सकते हैं कुछ छात्र–छात्रा सारा काम कर सकते हैं, और हो सकता है अन्य काम न करें सभी वाक्य भिन्न होते हैं इसलिए शिक्षक सारे काम की जाँच नहीं कर सकता है
C	छात्र–छात्रा अनेक उदाहरण देखते हैं; वे नियमों को स्वयं के लिए हल करते हैं – इससे उन्हें अधिक याद रखने में मदद मिलती है।	उन छात्र–छात्राओं के लिए कठिन हो सकता है जो उसके अभ्यस्त नहीं हैं; शिक्षक A और B के तरीकों से अधिक समय लेता है

संसाधन 2: एक पाठ्यपुस्तक से लिया गया उद्धरण

This prehistoric-looking rhinoceros has thick, silver-brown skin which becomes pinkish near the large skin folds that cover its body. The male develops thick neckfolds. It has very little body hair

aside from eyelashes, ear-fringes and tail-brush. These rhinos live in tall grasslands and riverine forests, but due to habitat loss they have been forced into more cultivated land. They are mostly solitary creatures, with the exception of mothers and calves and breeding pairs, although they sometimes congregate at bathing areas. The Indian rhinoceros makes a wide variety of vocalizations. At least ten distinct vocalizations have been identified: snorting, honking, bleating, roaring, squeakpanting, moo-grunting, shrieking, groaning, rumbling and humphing. In addition to noises, the rhino uses olfactory communication.

संसाधन 3: अपनी अंग्रेज़ी का विकास करें

Here is some language you could use in your classroom when teaching grammar:

- This sentence is in direct speech. Can you tell me how to put it in reported speech?
- Yes, that's a good start. Can anyone help?
- OK, very good. Now let's look at the next example. Can another student tell me how to put this sentence in reported speech?
- Can you find an example of the past tense in this passage?
- There is an example of simple past in the third paragraph.
- The person in this sentence is 'my mother'. What form of the verb 'have' do you need' to use in this sentence?
- We use past tense when we are writing about something that happened at a specific time in the past. It is finished now.
- Which letters do we usually add to a verb to talk about the past?
- Why does the word 'replied' have the letter 'i' in it?
- 'We was going to Basra.' Is that correct?

Here are some tips for developing your own knowledge and use of grammar:

- Identify the mistakes you often make, or the grammar points that you want to improve. Make a plan of how and when you are going to work on these points.
- Obtain or arrange access to a grammar reference book (or find an online resource). Refer to it whenever you have a question about grammar.
- Read as much as possible in English and pay close attention to the grammar. This is also very useful for developing your vocabulary.
- Discuss grammar points with colleagues.
- Try grammar practice exercises, either in a grammar book or online. See below for some useful links.

Here are some links to websites where you can learn about and practise grammar:

- English grammar: http://learnenglish.britishcouncil.org/en/english-grammar
- Quick grammar reference: http://learnenglish.britishcouncil.org/en/quick-grammar
- Grammar exercises: http://learnenglish.britishcouncil.org/en/grammar-exercises
- The internet grammar of English: http://www.ucl.ac.uk/internet-grammar/
- Grammar, vocabulary and pronunciation: http://www.bbc.co.uk/worldservice/learningenglish/language/

संसाधन 4: स्थानीय संसाधनों का उपयोग करना

अध्यापन के लिए केवल पाठ्यपुस्तकों का ही नहीं – बल्कि अनेक शिक्षण संसाधनों का उपयोग किया जा सकता है। यदि आप विभिन्न ज्ञानेंद्रियों (दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध, स्वाद) का उपयोग करने वाले तरीकों की पेशकश करते हैं, तो आप छात्र–छात्राओं के सीखने के विभिन्न तरीकों को आकर्षित करेंगे। आपके इर्दगिर्द ऐसे संसाधन उपलब्ध हैं जिनका उपयोग आप कक्षा में कर सकते हैं, और जिनसे आपके छात्र–छात्राओं की सीखने–सिखाने की प्रक्रिया को समर्थन मिल सकता है। कोई भी विद्यालय शून्य या जरा सी लागत से अपने स्वयं के शिक्षण संसाधनों को उत्पन्न कर सकता है। इन सामग्रियों को स्थानीय ढंग से प्राप्त करके, पाठ्यक्रम और आपके छात्र–छात्राओं के जीवन के बीच संबंध बनाए जाते हैं।

आपको अपने नजदीकी पर्यावरण में ऐसे लोग मिलेंगे जो विविध प्रकार के विषयों में पारंगत हैं; आपको कई प्रकार के प्राकृतिक संसाधन भी मिलेंगे। इससे आपको स्थानीय समुदाय के साथ संबंध जोड़ने, उसके महत्व को प्रदर्शित करने, छात्र–छात्राओं को उनके पर्यावरण की प्रचुरता और विविधता को देखने के लिए प्रोत्साहित करने, और संभवतः सबसे महत्वपूर्ण रूप से, छात्र–छात्राओं के शिक्षण में समग्र दृष्टिकोण – यानी, विद्यालय के भीतर और बाहर शिक्षा को अपनाने की ओर काम करने में सहायता मिल सकती है।

अपनी कक्षा का अधिकाधिक लाभ उठाना

लोग अपने घरों को यथासंभव आकर्षक बनाने के लिए कठिन मेहनत करते हैं। उस पर्यावरण के बारे में सोचना भी महत्वपूर्ण है जहाँ आप अपने छात्र–छात्राओं को शिक्षित करने की अपेक्षा करते हैं। आपकी कक्षा और विद्यालय को पढ़ाई की एक आकर्षक जगह बनाने के लिए आप जो कुछ भी कर सकते हैं उसका आपके छात्र–छात्राओं पर सकारात्मक प्रभाव होगा। अपनी कक्षा को रोचक और आकर्षक बनाने के लिए आप बहुत कुछ कर सकते हैं – उदाहरण के लिए, आप:

- पुरानी पत्रिकाओं और पुस्तिकाओं से पोस्टर बना सकते हैं
- वर्तमान विषय से संबंधित वस्तुएं और शिल्पकृतियाँ ला सकते हैं
- अपने छात्र–छात्राओं के काम को प्रदर्शित कर सकते हैं
- छात्र–छात्राओं को उत्सुक बनाए रखने और सीखने–सिखाने की नई प्रक्रिया को प्रेरित करने के लिए कक्षा में प्रदर्शित चीजों को बदलें।

अपनी कक्षा में स्थानीय विशेषज्ञों का उपयोग करना

यदि आप गणित में पैसे या परिमाणों पर काम कर रहे हैं, तो आप बाज़ार के व्यापारियों या दर्जियों को कक्षा में आमंत्रित कर सकते हैं और उन्हें यह समझाने को कह सकते हैं कि वे अपने काम में गणित का उपयोग कैसे करते हैं। वैकल्पिक रूप से, यदि आप कला विषय के अंतर्गत pattern और आकारों जैसे विषय पर काम कर रहे हैं, तो आप मेहंदी डिजाइनरों को विद्यालय में बुला सकते हैं ताकि वे भिन्न-भिन्न आकारों, डिजाइनों, परम्पराओं और तकनीकों को समझा सकें। अतिथियों को आमंत्रित करना तब सबसे उपयोगी होता है जब शैक्षणिक लक्ष्यों के साथ संबंध हर एक व्यक्ति को स्पष्ट होता है और समय की साझा अपेक्षाएं मौजूद होती हैं।

आपके पास विद्यालय समुदाय में विशेषज्ञ उपलब्ध हो सकते हैं जैसे रसोइया या देखभालकर्ता जिन्हें छात्र–छात्राओं द्वारा अपने शिक्षण के संबंध में प्रतिबिंबित किया जा सकता है अथवा वे उनके साथ साक्षात्कार कर सकते हैं; उदाहरण के लिए, पकाने में उपयोग की जाने वाली मात्राओं का पता लगाने के लिए, या विद्यालय के मैदान या भवनों पर मौसम संबंधी स्थितियों का कैसे प्रभाव पड़ता है।

बाह्य पर्यावरण का उपयोग करना

आपकी कक्षा के बाहर ऐसे अनेक संसाधन उपलब्ध हैं, जिनका प्रयोग आप अपने पाठों में कर सकते हैं। आप पत्तों, मकड़ियों, पौधों, कीटों, पत्थरों या लकड़ी जैसी वस्तुओं को एकत्रित कर सकते हैं (या अपनी कक्षा से एकत्रित करने को कह सकते हैं)। इन संसाधनों को अंदर लाने से कक्षा में रूचिकर प्रदर्शन तैयार किए जा सकते हैं जिनका संदर्भ पाठों में किया जा सकता है।

इनसे चर्चा या प्रयोग आदि करने के लिए वस्तुएँ प्राप्त हो सकती हैं जैसे वर्गीकरण से संबंधित गतिविधि, या सजीव या निर्जीव वस्तुएं। बस की समय सारणियों या विज्ञापनों जैसे संसाधन भी आसानी से उपलब्ध हो सकते हैं जो आपके स्थानीय समुदाय के लिए प्रासंगिक हो सकते हैं – इन्हें शब्दों को पहचानने, गुणों की तुलना करने या यात्रा के समयों की गणना करने के कार्य निर्धारित करके शिक्षा के संसाधनों में बदला जा सकता है।

कक्षा में बाहर से वस्तुएँ लाई जा सकती हैं- लेकिन बाहरी स्थान भी आपकी कक्षा का विस्तार हो सकते हैं। आम तौर पर सभी छात्र–छात्राओं के लिए चलने-फिरने और अधिक आसानी से देखने के लिए बाहर अधिक जगह होती है। जब आप सीखने के लिए अपनी कक्षा को बाहर ले जाते हैं, तो वे निम्नलिखित गतिविधियो को कर सकते हैं:

- दूरियों का अनुमान करना और उन्हें मापना
- यह दर्शाना कि घेरे पर हर बिन्दु केन्द्रीय बिन्दु से समान दूरी पर होता है
- दिन के भिन्न समयों पर परछाइयों की लंबाई रिकार्ड करना
- संकेतों और निर्देशों को पढ़ना
- साक्षात्कार और सर्वेक्षण आयोजित करना
- सौर पैनलों की खोज करना
- फसल की वृद्धि और वर्षा की निगरानी करना।

बाहर, उनका शिक्षण वास्तविकताओं तथा उनके स्वयं के अनुभवों पर आधारित होता है, तथा शायद अन्य संदर्भों में अधिक लागू हो सकता है।

यदि आपके बाहर के काम में विद्यालय के परिसर को छोड़ना शामिल हो तो, जाने से पहले आपको विद्यालय के प्रधानाध्यापक की अनुमति लेनी चाहिए, समय सारणी बनानी चाहिए, सुरक्षा की जाँच करनी चाहिए और छात्र–छात्राओं को नियम स्पष्ट करने चाहिए। इससे पहले कि आप बाहर जाएं, आपको और आपके छात्र–छात्राओं को यह बात स्पष्ट रूप से पता होनी चाहिए कि किस संबंध में जानकारी प्राप्त की जाएगी।

संसाधनों का अनुकूलन करना

चाहें तो आप मौजूदा संसाधनों को अपने छात्र–छात्राओं के लिए कहीं अधिक उपयुक्त बनाने हेतु उन्हें अनुकूलित कर सकते हैं। ये परिवर्तन छोटे से हो सकते हैं किंतु बड़ा अंतर ला सकते हैं, विशेष तौर पर यदि आप शिक्षण को कक्षा के सभी छात्र–छात्राओं के लिए प्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, आप स्थान और लोगों के नाम बदल सकते हैं यदि वे दूसरे राज्य से संबंधित है, या गाने में व्यक्ति के लिंग को बदल सकते हैं, या कहानी में शारीरिक रूप से अक्षम बच्चे को शामिल कर सकते हैं। इस तरह से आप संसाधनों को अधिक समावेशी और अपनी कक्षा और उनकी सीखने–सिखाने की प्रक्रिया के उपयुक्त बना सकते हैं।

साधन संपन्न होने के लिए अपने सहकर्मियों के साथ काम करें; संसाधनों को विकसित करने और उन्हे अनुकूलित करने के लिए आपके बीच ही आपको कई कुशल व्यक्ति मिल जाएंगे। एक सहकर्मी के पास संगीत, जबकि दूसरे के पास कठपुतलियाँ बनाने या कक्षा के बाहर के विज्ञान को नियोजित करने के कौशल हो सकते हैं। आप अपनी कक्षा में जिन संसाधनों को उपयोग करते हैं उन्हें अपने सहकर्मियों के साथ साझा कर सकते हैं ताकि अपने विद्यालय के सभी क्षेत्रों में एक प्रचुर शिक्षण पर्यावरण बनाने में आप सबकी सहायता हो सके।

संसाधन 5: सीखने की योजना बनाना

अपने पाठों संबंधी अवधारणाओं की योजना और उनकी तैयारी क्यों महत्वपूर्ण है

अच्छे पाठों संबंधी अवधारणाओं की योजना (सीखने की योजना) बनाना ज़रूरी होता है। योजना बनाने से आपके पाठों संबंधी अवधारणाओं को अधिक स्पष्ट और सुनियोजित करने में मदद मिलती है, जिसका अर्थ यह है कि छात्र–छात्रा सक्रिय होते हैं

और इसमें रुचि लेते हैं। प्रभावी नियोजन में कुछ अंतर्निहित लचीलापन भी शामिल होता है ताकि शिक्षक/शिक्षिका पढ़ाते समय अपने छात्र–छात्राओं की अधिगम-प्रक्रिया के बारे में कुछ पता चलने पर उसके प्रति अनुक्रिया कर सकें। पाठों संबंधी अवधारणाओं की शृंखला के लिए सीखने की योजना पर काम करने में छात्र–छात्राओं और उनके पूर्व-ज्ञान को जानना, पाठ्यचर्या के माध्यम से प्रगति के क्या अर्थ है, और छात्र–छात्राओं के पढ़ने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधनों और गतिविधियों की खोज करना शामिल होता है।

नियोजन एक सतत् प्रक्रिया है जो आपको अलग-अलग पाठों में शामिल अवधारणा, उपअवधारणा और साथ ही, एक के ऊपर एक विकसित होते पाठों में शामिल अवधारणा,उपअवधारणा की शृंखला, दोनों की तैयारी करने में मदद करती है। पाठ संबंधी सीखने की योजना के चरण ये हैं:

- इस बारे में स्पष्ट रहना कि प्रगति करने के लिए आपके छात्र–छात्राओं के लिए क्या आवश्यक है
- तय करना कि आप कौन से ऐसे तरीके से सिखाने जा रहे हैं जिसे छात्र–छात्रा समझेंगे और आपको जो पता लगेगा उसके प्रति अनुक्रिया करने के लचीलेपन को कैसे बनाए रखेंगे
- पीछे मुड़कर देखना कि अध्याय में दी गई अवधारणा संबंधी योजना कितनी अच्छी तरह से चली और आपके छात्र–छात्राओं ने क्या सीखा ताकि भविष्य के लिए योजना बना सकें।

पाठ संबंधी अवधारणाओं के शृंखला की योजना बनाना

जब आप किसी पाठ्यचर्या का पालन करते हैं, तो नियोजन का पहला भाग यह निश्चित करना होता है कि पाठ्यक्रम के विषयों और प्रसंगों से संबंधित अवधारणाओं को खंडों या टुकड़ों में किस सर्वोत्तम ढंग से विभाजित किया जाय। आपको छात्र–छात्राओं के प्रगति करने तथा कौशलों और ज्ञान का क्रमिक रूप से विकास करने के लिए उपलब्ध समय और तरीकों पर विचार करना होगा। आपके अनुभव या सहकर्मियों के साथ चर्चा से आपको पता चल सकता है कि किसी अवधारणा के लिए चार कालांश लगेंगे, लेकिन किसी अन्य अवधारणा के लिए केवल दो। आपको इस बात से अवगत रहना चाहिए कि आप भविष्य में उसे सिखाने पर अलग तरीकों से और अलग अलग समयों पर तब लौट सकते हैं, जब अन्य अवधारणाएँ सिखाई जाएंगीं या अवधारणा को विस्तारित किया जाएगा।

सभी सीखने की योजनाओं में आपको निम्न बातों के बारे में स्पष्ट रहना होगा:

- छात्र–छात्राओं को आप क्या सिखाना चाहते हैं
- आप उस अधिगम बिन्दु/अवधारणा का परिचय कैसे देंगे
- छात्र–छात्राओं को क्या और क्यों करना होगा।

आप सिखाने को सक्रिय और रोचक बनाना चाहेंगे ताकि छात्र–छात्रा सहज और उत्सुक महसूस करें। इस बात पर विचार करें कि पाठों की शृंखला में छात्र–छात्राओं से क्या करने को कहा जाएगा ताकि आप न केवल विविधता और रुचि बल्कि लचीलापन भी बनाए रखें। योजना बनाएं कि जब आपके छात्र–छात्रा पाठों की शृंखला में से प्रगति करेंगे तब आप उनकी समझ की जाँच कैसे करेंगे। यदि कुछ भागों को अधिक समय लगता है या वे जल्दी समझ में आ जाते हैं तो समायोजन करने के लिए तैयार रहें।

अलग-अलग पाठों से संबंधित अवधारणाओं की तैयारी करना

पाठों से संबंधित अवधारणाओं की शृंखला को नियोजित कर लेने के बाद, प्रत्येक अवधारणा को उसकी प्रगति के आधार पर अलग से नियोजित करना होगा जो छात्र–छात्राओं ने उस बिंदु तक की है। आप जानते हैं या पाठों से संबंधित अवधारणाओं की शृंखला के अंत में यह आप जान सकेंगे कि छात्र–छात्राओं ने क्या सीख लिया होगा, लेकिन आपको किसी अप्रत्याशित चीज को फिर से दोहराने या अधिक शीघ्रता से आगे बढ़ने की जरूरत हो सकती है। इसलिए हर पाठ से संबंधित अवधारणा को अलग से नियोजित करना चाहिए ताकि आपके सभी छात्र–छात्रा प्रगति करें और सफल तथा सम्मिलित महसूस करें।

पाठ से संबंधित अवधारणा की योजना के भीतर आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गतिविधि के लिए पर्याप्त समय है और सभी संसाधन तैयार हैं, जैसे क्रियात्मक कार्य या सक्रिय समूहकार्य के लिए। बड़ी कक्षाओं के लिए सामग्रियों के नियोजन के हिस्से के रूप में आपको अलग अलग समूहों के लिए अलग अलग प्रश्नों और गतिविधियों की योजना बनानी पड़ सकती है।

जब आप नई अवधारणा सिखाते हैं, आपको आत्मविश्वासी होने के लिए अभ्यास करने और अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ विचारों पर बातचीत करने के लिए समय की जरूरत पड़ सकती है।

तीन भागों में अपने पाठों से संबंधित अवधारणाओं की योजना को तैयार करने के बारे में सोचें। इन भागों पर नीचे चर्चा की गई है।

1 परिचय

सिखाने की प्रक्रिया के शुरू में, छात्र–छात्राओं को समझाएं कि वे क्या सीखेंगे और करेंगे, ताकि सभी को पता रहे कि उनसे क्या अपेक्षित है। छात्र–छात्रा पहले से ही जो जानते हैं उन्हें उसे साझा करने की अनुमति देकर वे जो करने वाले हों उसमें उनकी दिलचस्पी पैदा करें।

2 योजना का मुख्य भाग

छात्र–छात्रा जो कुछ पहले से जानते हैं उसके आधार पर सामग्री की रूपरेखा बनाएं। आप स्थानीय संसाधनों, नई जानकारी या सक्रिय पद्धतियों के उपयोग का निर्णय ले सकते हैं जिनमें समूहकार्य या समस्याओं का समाधान करना शामिल है। अपनी कक्षा में आप जिन संसाधनों और तरीकों का उपयोग करेंगे, उनकी पहचान करें। विविध प्रकार की गतिविधियों, संसाधनों, और समयों का उपयोग सीखने की योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि आप विभिन्न पद्धतियों और गतिविधियों का उपयोग करते हैं, तो आप अधिक छात्र–छात्राओं तक पहुँचेंगे, क्योंकि वे भिन्न तरीकों से सीखेंगे।

3 अधिगम की जाँच कर के सीखने की योजना की समाप्ति

हमेशा यह पता लगाने के लिए समय (सीखने के दौरान या उसकी समाप्ति पर) रखें कि कितनी प्रगति की गई है। जाँच करने का अर्थ हमेशा परीक्षा ही नहीं होता है। आम तौर पर उसे शीघ्र और उसी जगह पर होना चाहिए – जैसे नियोजित प्रश्न या छात्र–छात्राओं को जो कुछ उन्होंने सीखा है उसे प्रस्तुत करते देखना – लेकिन आपको लचीला होने के लिए और छात्र–छात्राओं के उत्तरों से आपको जो पता चलता है उसके अनुसार परिवर्तन करने की योजना बनानी चाहिए।

सीखने की योजना को समाप्त करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है शुरू के लक्ष्यों पर वापस लौटना और छात्र–छात्राओं को इस बात के लिए समय देना कि वे एक दूसरे को और आपको उस शिक्षण से हुई उनकी प्रगति के बारे में बता सकें। छात्र–छात्राओं की बात को सुनकर आप सुनिश्चित कर सकेंगे कि आपको पता रहे कि अगली अवधारणा/उपअवधारणा के लिए क्या योजना बनानी है।

सीखने की योजना की समीक्षा करना

हर सीखने की योजना का पुनरावलोकन करें और इस बात को दर्ज करें कि आपने क्या किया, आपके छात्र–छात्राओं ने क्या सीखा, किन संसाधनों का उपयोग किया गया और सब कुछ कितनी अच्छी तरह से संपन्न हुआ ताकि आप अगले अवधारणाओं/उपअवधारणाओं के लिए अपनी योजनाओं में सुधार या उनका समायोजन कर सकें। उदाहरण के लिए, आप निम्न का निर्णय कर सकते हैं:

- गतिविधियों में बदलाव करना
- खुले और बंद प्रश्नों की एक श्रृंखला तैयार करना
- जिन छात्र–छात्राओं को अतिरिक्त सहायता चाहिए उनके साथ अनुवर्ती सत्र आयोजित करना।

सोचें कि आप छात्र–छात्राओं के सीखने में मदद के लिए क्या योजना बना सकते थे या अधिक बेहतर कर सकते थे।

जब आप हर अवधारणा से गुजरेंगे, आपकी सीखने संबंधी योजनाएं अपरिहार्य रूप से बदल जाएंगी, क्योंकि आप हर होने वाली चीज का पूर्वानुमान नहीं कर सकते। अच्छे नियोजन का अर्थ है कि आप जानते हैं कि आप किस तरह से सिखाना चाहते हैं और इसलिए जब आपको अपने छात्र–छात्राओं के वास्तविक अधिगम के बारे में पता चलेगा तब आप लचीले ढंग से उसके प्रति अनुक्रिया करने को तैयार रहेंगे।

अतिरिक्त संसाधन

यहाँ व्याकरण पढ़ाने के बारे में लेखों और सुझावों के लिए कुछ लिंक्स दिए गए हैं:

- Exploiting texts: http://www.onestopenglish.com/grammar/grammar-teaching/exploiting-texts/
- The discovery technique: http://www.onestopenglish.com/grammar/grammar-teaching/the-discovery-technique/
- Grammar reference: http://www.onestopenglish.com/grammar/grammar-reference/
- Grammar teaching: http://www.onestopenglish.com/grammar/grammar-teaching/
- What matters in grammar teaching: http://www.teachingenglish.org.uk/article/what-matters-grammar-teaching
- Teaching grammar inductively: http://www.teachingenglish.org.uk/article/teaching-grammar-inductively-catherine-walter
- 'Communicative grammar': http://orelt.col.org/module/6-communicative-grammar

संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची

Lee, J.F. and VanPatten, B. (2003) *Making Communicative Language Teaching Happen*, 2nd edn. Boston, MA: McGraw-Hill.

अभिस्वीकृतियाँ

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/)। नीचे दी गई सामग्री मालिकाना हक की है तथा इस परियोजना के लिए लाइसेंस के अंतर्गत ही उपयोग की गई है, तथा इसका Creative Commons लाइसेंस से कोई वास्ता नहीं है। इसका अर्थ यह है कि इस सामग्री का उपयोग अननुकूलित रूप से केवल TESS-India परियोजना के भीतर किया जा सकता है और किसी भी बाद के OER संस्करणों में नहीं। इसमें TESS-India, OU और UKAID लोगो का उपयोग भी शामिल है।

इस इकाई में सामग्री को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति के लिए निम्न स्रोतों का कृतज्ञतापूर्ण आभार:

चित्र 2: http://www.maggi.co.uk/। (Figure 2: http://www.maggi.co.uk/)

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।